वी.यू. मे दो दिवसीय राष्ट्रीय कन्वेंशन एवं सम्मेलन

जबलपुर। आज दिनांक 20.09.2022 आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तथा वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम के तारतम्य में सितंबर 21-22 को दो दिवसीय सम्मेलन जोकि वेटरनरी कॉलेज के पशु पोषण विभाग तथा पशु कल्याण समिति इज्जत नगर एन.ए.वी.एन.ए.डब्ल्यू. संयुक्त रुप से अपना पांचवां वार्षिक कन्वेंशन तथा दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन करने जा रहे हैं जिसका विषय **"कोऑर्डिनेटेड न्यूट्रिशन, हेल्थ एंड एक्सटेंशन अप्रोच फॉर सस्टेनेबल लाइवस्टोक प्रोडक्शन"** जिसकी जानकारी साझा करने हेतु एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी जी ने इस तरह के सम्मेलन को करने का उद्देश्य को बताया कि किस तरह पशु उत्पादन को बढ़ाया जाए, पशुओं के चारे को बढ़ाएं तथा उसको किस तरह से कंजर्व करें जिससे उनके आहार में कमी ना आने पाए तथा जो पशुओं में बीमारियां हो रही हैं उनको किस तरह कम कर सकें। जिससे कि देश–प्रदेश का पशु उत्पादन में नाम हो। वि.वि. पशु पालकों के प्रति अपने दायित्व को निभा सकें। देशभर में चल रहे पशु पोषण संबंधित अनुसंधान के रिसर्च प पेपर पढ़े जाएंगे तथा इस क्षेत्र के देश के बड़े वैज्ञानिक विभिन्न आईसीएआर के संस्थानों से जुड़ रहे हैं वह सभी पशु उत्पाद बढ़ाने हेतु तरीकों पर, नए शोधों पर मंथन करेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 250 प्रतिभागी जिनमें प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, वैज्ञानिक रिसर्च, स्कॉलर स्नातकोत्तर छात्र–छात्राएं सम्मिलित हो रहे हैं। पांचवें वर्षीय कॉन्क्लेव तथा राष्ट्रीय सम्मेलन में 6 श्रेणी में पुरस्कार/अवार्ड दिए जाएंगे, पत्रकारवार्ता में वि.वि. कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, वेटरनरी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, कांन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉक्टर सुनील नायक, डॉ. शोभा जावरे तथा एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे उपस्थित रहीं।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर